**राष्ट्रीय आवास बैंक**
**प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली – 110003**
**स्केल III (प्रबंधक) में विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती**
***संदर्भ:- विज्ञापन सं. – रा.आ.बैंक/मा.सं. एवं प्रशासन/भर्ती/2020-21/01 दिनांकित 05.08.2020***

**दिनांक 05.12.2020 को आयोजित ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम**

स्केल III (प्रबंधक) में विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती हेतु उपरोक्त वर्णित विज्ञापन तथा दिनांक 05 दिसंबर, 2020 को आयोजित ऑनलाइन परीक्षा के संबंध में आपका ध्यान आकृष्ट किया जाता है। इस सबंध में, ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम के आधार पर निम्नलिखित अभ्यर्थियों (पद-वार) को साक्षात्कार (वर्चुअल मोड साक्षात्कार) हेतु अनंतिम रूप से चयनित किया गया है।

| **क्र.सं.** | **पद का नाम** | **चुने गये अभ्यर्थियों की सं.** |
|---|---|---|
| 1. | प्रबंधक (ऋण लेखापरीक्षा) | 14 |
| 2. | प्रबंधक (विधि) | 10 |
| 3. | प्रबंधक (अर्थव्यवस्था और कार्यनीति) | 7 |
| 4. | प्रबंधक (सूचना प्रबंधन प्रणाली) | 5 |

कृपया साक्षात्कार हेतु चयनित अभ्यर्थियों का पद-वार अनुक्रमांक-वार देखने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर जाएं।

**साक्षात्कार के लिए चुने गए अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक की सूची**

***टिप्पणी: उपरोक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के अंक और श्रेणीवार कट-ऑफ को चयन प्रक्रिया पूरी होने और भर्ती के अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा। इस संबंध में आरटीआई प्रश्नों पर चयन प्रक्रिया के पूरा होने और भर्ती के अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद ही विचार किया जाएगा।***

**यचनित अभ्यर्थियों के लिए निर्देश:**

(क). सभी चयनित अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि **बायो-डाटा-सह-सत्यापन प्रपत्र (बीएएफ)** भरें एवं उक्त को दिनांक 21 दिसंबर, 2020 से 27 दिसंबर, 2020 को रात 11:55 बजे तक ऑनलाइन जमा करें। बीएएफ ऑनलाइन जमा करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक की वेबसाइट पर एक लिंक दिनांक 21 दिसंबर, 2020 को प्रातः 11 बजे से उपलब्ध हो जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि उक्त को अंतिम तिथि यानी 27 दिसंबर, 2020 को या उससे पहले ऑनलाइन जमा करें। अभ्यर्थियों को अपना अनुक्रमांक या पंजीकरण संख्या, जन्म तिथि और कैप्चा दर्ज कर लॉग इन करना अपेक्षित है। ऑनलाइन बीएएफ में निजी प्रोफाइल, योग्यता, अनुभव आदि जमा करने और प्रासंगिक दस्तावेजों को अपलोड करने हेतु निर्धारित जगह उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि अंतिम समय में विलंब से बचने के लिए समय से पूर्व ऑनलाइन बीएएफ जमा करें। ऑनलाइन मोड के अलावा जमा बीएएफ और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(ख) अभ्यर्थियों को आयु प्रमाण, शैक्षणिक/पेशेवर योग्यता, योग्यता पश्चात अनुभव प्रमाणपत्र, पहचान प्रमाणपत्र, समुदाय प्रमाणपत्र, पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र, अनापत्ति प्रमाणपत्र (प्रयोज्यता के अनुसार) से संबंधित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित स्कैन प्रतियां अपलोड करना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि कुछ क्षेत्र जैसे पदनाम, अभ्यर्थी का नाम, लिंग, जन्मतिथि, पिता का नाम, माता का नाम, श्रेणी, दिव्यांगता श्रेणी, मोबाइल नम्बर, ईमेल आदि भर्ती के समय अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये ऑनलाइन आवेदन में भरी गई जानकारियों के आधार पर कुछ क्षेत्र पहले से ही भरे हुए होंगे। इन क्षेत्रों को अभ्यर्थी द्वारा बदला नहीं जा सकता है। हालांकि, विसंगति के मामले में, इसके बारे में बैंक को recruitments@nhb.org.in पर ईमेल के माध्यम से अलग से बताया जा सकता है।

(ग) अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास 01.08.2020 को या उससे पहले संबंधित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता है। अभ्यर्थी संबंधित पद के लिए निर्धारित विशेषज्ञता के क्षेत्र में स्नातक, स्नातकोत्तर का अंक पत्र और प्रमाणपत्र अपलोड करेंगे। यदि डिग्री का अंक पत्र और प्रमाणपत्र विशेषज्ञता के क्षेत्र को निर्दिष्ट नहीं करता है, तो अभ्यर्थी को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से एक प्रमाण पत्र प्रदान करना होगा जिसमें विशेष रूप से विशेषज्ञता का उल्लेख किया गया हो।

(घ) अभ्यर्थी को बैंक की संतुष्टि के अधीन अपने वर्तमान और पिछले नियोक्ताओं से उनके पत्र शीर्ष पर प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र/प्रमाणपत्रों जो अनुभव के कुल वर्षों और उस पद के लिए लागू कार्य प्रोफाइल से मेल खाना चाहिए जिसके लिए वह चुना गया है, को अपलोड करना होगा। बैंक जब भी आवश्यक हो, अनुभव के समर्थन में अतिरिक्त दस्तावेजी प्रमाण मांगने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

जहाँ भी, अनुभव निजी क्षेत्र में वित्तीय संस्थान (एफआई) से है, अभ्यर्थी से अनुरोध है कि इस आशय हेतु/के समर्थन में अपने नियोक्ता/दस्तावेजी साक्ष्य से प्रमाणपत्र अपलोड करें कि नियोक्ता/संगठन भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के अंतर्गत परिभाषित एक वित्तीय संस्थान है।

(ङ) पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी जिन्होंने एक स्क्राइब की मदद ली है (दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को छोड़कर) उन्हें इस आशय हेतु अभ्यर्थी को लिखने की गति सहित लिखने की शारीरिक सीमा है, प्राधिकृत भारत सरकार/राज्य सरकार के विभाग/अस्पताल से एक चिकित्सा प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। अपने दिव्यांगता प्रमाणपत्र के अलावा इस प्रमाणपत्र की स्व-प्रमाणित स्कैन प्रति अपलोड करनी होगी। ध्यान दें: लिखने की गति सहित लिखने की शारीरिक सीमा के बारे में चिकित्सा प्रमाणपत्र, ऑनलाइन परीक्षा की तारीख से पूर्व दिनांकित होनी चाहिए।

(च) अभ्यर्थी केवल निर्दिष्ट प्रारूप में अपना पहचान प्रमाणपत्र अपलोड करना है। कृपया विनिर्दिष्ट प्रारूप हेतु नीचे लिंक पर जाएं।

पहचान प्रमाणपत्र

(छ) अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों और संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन जमा बीएएफ का प्रिंटआउट लाना है। विनिर्दिष्ट प्रारूप में अपेक्षित दस्तावेज लाने में विफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी द्वारा अपेक्षित दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं करने पर उनकी अभ्यर्थिता को भर्ती प्रक्रिया में आगे भाग लेने से रोक दिया जाएगा।

2 चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार **12 जनवरी, 2021 (मंगलवार) और 13 जनवरी, 2021 (बुधवार)** को आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार बुलावा पत्र में उल्लिखित निर्धारित तिथि को बैंक के नजदीकी कार्यालय अर्थात रा.आ.बैंक क्षेत्रीय कार्यालयों/क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय/मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। कोविड-19 महामारी के बीच अभ्यर्थियों के द्वारा यात्रा को कम करने हेतु ऑनलाइन परीक्षा केंद्र जहां वे उपस्थिति हुए थे के आधार पर, साक्षात्कार स्थल के तौर पर नजदीकी रा.आ.बैंक कार्यालय आबंटित किया जाएगा।

3 बैंक अपनी वेबसाइट पर साक्षात्कार समय-सारणी अपलोड करेगा। साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र डाउनलोड करने की सुविधा नियत समय पर उपलब कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अद्यतित जानकारी हेतु रा.आ.बैंक की वेबसाइट देखते रहें। अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि साक्षात्कार हेतु कोई कागज आधारित बुलावा पत्र जारी नहीं किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी को संबंधित राज्य सरकारों की मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार, यदि अपेक्षित हो तो ई-पास सहित यात्रा, रहने की व्यवस्था खुद से करनी होगी।

4 सभी चयनित अभ्यर्थियों को बैंक की वेबसाइट से साक्षात्कार हेतु कॉल लेटर डाउनलोड करना और अपनी पात्रता के समर्थन में ऑनलाइन प्रस्तुत बीएएफ दस्तावेज और सभी मूल दस्तावेज साक्षात्कार के दिन हार्ड कॉपी सहित लाना अपेक्षित है।

दिनांक: 18.12.2020
स्थान: नई दिल्ली

महाप्रबंधक
मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग

नोट: किसी भी विवाद की दशा में अंग्रजी मूलपाठ मान्य होगा।